<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>विषयः भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के कर्मचारी के पुत्र की खेल उपलब्धियां</u>

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर, 2014 - भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की कर्मचारी सुश्री रजनी टेकचन्दानी के पुत्र मास्टर हर्षित टेकचन्दानी सेंट कोम्बस स्कूल की कक्षा XI के छात्र ने दिसम्बर, 2014 में श्री राम कॉलेज ऑफ कामर्स (एस आर सी सी) में आयोजित योनेक्स सारा दिल्ली - एन सी आर प्राइज मनी ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप में अंडर 17 पुरुष सिंगल में विजेता तथा अंडर 17 पुरुष डबल्स में रनर अप का खिताब जीतकर अपने विद्यालय व अभिभावकों का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें ट्रॉफियां, प्रमाणपत्र तथा नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

उन्होंने कक्षा VII से बैडमिंटन खेलना शुरु किया तथा शीघ्र ही दिल्ली राज्य स्तर के खिलाड़ी के रुप में उभरे। गंभीर चोट लगने के कारण दो वर्षों तक खेल से दूर रहने के बाद भी उन्होंने खेल के प्रति अपनी लगन व उत्साह को दर्शाते हुए वर्ष 2014 में पुनः अभ्यास शुरु किया। प्रतिदिन घंटों अभ्यास करने के बाद वह अपनी पुरानी फार्म में लौटे तथा उपर्युक्त चैम्पियनशिप में भाग लिया। चोट लगने के बाद पहला बड़ा टूर्नामेंट खेल रहे हर्षित का सामना कड़े प्रतिद्वन्दीयों से हुआ जिनमें से कई दिल्ली - एन सी आर, राजस्थान और हरियाणा राज्यों के चोटी के खिलाड़ी थे। चोट से उभरने के उन्होंने लिए अपनी कर्मठता , प्रतिबद्धता तथा लगन के माध्यम से अपने परिवार, अकादमी तथा विद्यालय का नाम रोशन किया।

आने वाले वर्षों में मास्टर हर्षित टेकचन्दानी और अनेक अवार्ड तथा सम्मान अर्जित करेंगे। भाविप्रा दिल्ली राज्य हेतु उनके भावी प्रदर्शनों के लिए शुभकामनाएं देता है।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें।
जी एस बावा, म.प्र.(ज.स.) - 9810025069,
011 - 24822787 सं.61/2014-15

अपनी ट्रॉफियों के साथ मास्टर हर्षित टेकचन्दानी पुत्र सुश्री रजनी टेकचन्दानी, भाविप्रा कर्मचारी